पेज थ्री देहरादून

उत्तराखंड में भारी बारिश से प्रकृति का कहर।

देहरादून बृहस्पतिवार 13 अगस्त 2020

पेज 8




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति पाए शिक्षकों के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**संवाददाता** देहरादून। हाइकोर्ट ने प्राइमरी व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाए करीब साढ़े तीन हजार अधयापकों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। मामले में राज्य सरकार से दो दिन के भीतर जवाब पेश करने को कहा गया है। अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि नियत की गई है। कोर्ट ने पिछली तिथि को सरकार से पूछा था कि कितने अध्यापको के खिलाफ कार्यवाही की गई और वे कौन से अधिकारी हैं। जिन्होंने यह कृत्य किया है। उनके खिलाफ सरकार ने क्या कार्यवाही की है।

### राज्य खेल संघ में दूसरे राज्यों के लोगों को पदों पर बैठाने के मामले में हाईकोर्ट गम्भीर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य खेल संघ में दूसरे राज्यों के लोगों को पदों पर बैठाने के मामले में गम्भीर रुख अपनाया है। उत्तर प्रदेश के सरकारी अध्यापक विरेश यादव को उत्तराखण्ड खेल संघ में पद देने पर हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट की जस्टिस मनोज तिवाड़ी की कोर्ट ने केन्द्र राज्य यूपी सरकार समेत उत्तराखण्ड ओलंपिक संघ, शिक्षक विरेश यादव व शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश समेत 12 पक्षकारों को नोटिस जारी किया है।

### देह व्यापार मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। विकासनगर के होटल और लॉज में आइजी गढ़वाल की जांच में देह व्यापार की पुष्टि हुई है। बाल आयोग ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस महानिदेशक अपराध और कानून व्यवस्था अशोक कुमार को कार्रवाई कर एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। गत मई माह में विकासनगर के कुछ व्यक्तियों ने राष्ट्रीय महिला आयोग को क्षेत्र के कई होटलों और लॉज में देह व्यापार कराने और पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने की शिकायत की थी।

### विक्रेता और व्यापारियों के लिए की शॉप इंश्योरेंस की पेशकश

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैक ने आज विशेष रूप से अपने खुदरा विक्रेताओं और व्यापारियो के लिए शॉप इंश्योरेंस के पेशकश की घोषणा की है। भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी में पेश किये जा रहे है स्मार्ट प्लान शॉप पैकेज पॉलिसी कवर के रूप मे दुकान के अन्दर आग और और संबद्ध खतरो, चोरी आदि के कारण संपत्ति के नुकसान के मामले में वितीय सरक्षा प्रदान करती है। बड़ी संख्या में बैंक के रिटेलर्स और व्यापारी छोटे तथा मध्यम आकार के दुकान के मालिक है जो आजीविका के लिए पूरी तरह से अपनी दुकानो पर निर्भर है।

# बारिश और भूस्खलन से प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कहर**

■ गौरीकुंड हाईवे बंद होने से यात्रियों को हुई परेशानी

■ चमोली में बदरीनाथ हाईवे चार जगह अवरुद्ध

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बारिश के कारण सड़कों पर भूस्खलन की मार जारी है। बुधवार को चमोली में बदरीनाथ हाईवे भूस्खलन से कई जगह बंद है, जबकि उत्तरकाशी में गंगोत्री हाईवे भी मलबा आने से बंद है। वहीं, रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड हाईवे आज चौथे दिन खुल पाया। पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाले थल-मुनस्यारी, तवाघाट-लिपुलेख मार्ग, नाचनी-बांसबगड़ मार्ग पर भी आवाजाही नहीं हो पा रही है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। गढ़वाल और कुमाऊं में 100 से ज्यादा सड़कें मलबा आने से बाधित हैं। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर थिरांग नामक स्थान पर हुए जबरदस्त भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे बाधित हो गया था, जिसे आज खोल दिया गया।



रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड हाईवे लगातार पहाड़ी से मलबा आने व भूस्खलन के चलते बंद था, जिसे आज चौथे दिन खोल दिया गया है। मार्ग अवरुद्ध रहने से लोगों को आवाजाही करने में खासी दिक्कतें झेलनी पड़ी। केदारघाटी में हो रही तेज बारिश के चलते गौरीकुंड हाईवे पर आवाजाही करना खतरनाक हो गया है। विभिन्न स्थानों पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने का सिलसिला जारी है, जिससे एनएच लोनिवि की मुश्किले बढ़ती ही जा रही है। गौरीकुंड हाईवे बांसवाडा में रविवार को बंद हो गया था। यहां रविवार को कुछ घंटे ही वाहनों की आवाजाही हो सकी है। उसके बाद यहां पर लगातार पत्थर गिरने का सिलसिला बना हुआ है। आज इस मार्ग को सुचारु कर दिया गया है।

चमोली जनपद में भारी बारिश के चलते बदरीनाथ हाईवे पीपलकोटी, भनारपानी, लामबगड़ और पागलनाला में बंद है। हाईवे नहीं खुलने से यात्री पैदल ही आवाजाही कर बदरीनाथ दर्शनों के लिए जा रहे थे। बीती रात्रि को भारी बारिश से बदरीनाथ हाईवे व गोपेश्वर चोपता उखीमठ हाईवे कई जगह बाधित हो गया। जिससे यात्री जगह-जगह फंसे रहे। कर्णप्रयाग-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग मैठाणा, बाजपुर, निर्मल पैलेस के पास, छिनका, क्षेत्रपाल, भनेरपानी, पागलनाला, लामबगड़ में अवरुद्ध हाईवे को खोलने का कार्य जारी है।

**उत्तरकाशी में भारी भूस्खलन से बंद रहा गंगोत्री हाईवेः** गंगोत्री हाईवे पर उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर गंगोत्री की ओर थिरांग के पास सोमवार की रात को भारी भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से बंद गंगोत्री हाईवे मंगलवार पूरे दिन बंद रहा है। यहां तक की भूस्खलन क्षेत्र में पैदल आवाजाही भी पूरी तरह से बंद रही।

### यमुनोत्री धाम के निकट घोड़ा पड़ाव के पास नाले में आया उफान

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम के निकट घोड़ा पड़ाव के पास एक नाले में बारिश के कारण उफान आया। उफान के साथ आए मलबे से यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाला मार्ग बाधित हुआ। साथ ही घोड़ा पड़ाव व रास्ते को भी नुकसान पहुंचा है। यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्रियों को मलबे के ऊपर से जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है। यमुनोत्री धाम में रह रहे तीर्थ पुरोहित गिरीश उनियाल और अनु उनियाल ने कहा कि रात के समय उफान के समय भारी आवाज आयी। जिससे धाम में भी अफरातफरी का माहौल रहा। मंदिर को जोड़ने वाले मुख्य रास्ते की रेलिंग भी टूटी, साथ ही रास्ता भी टूटा है। जो स्थानीय श्रद्धालु यमुनोत्री धाम पहुंच रहे हैं जान जोखिम में डालकर मलबे को पार करके आवाजाही शुरू कर रहे हैं।

# उत्तराखण्ड में प्रतिभावों की कमी नहींः मुख्यमंत्री

**भेंट**

■ सीएम से चित्रकार राजेश चन्द्र, मानव थापा एवं शिवांश ने भेंट की

देहरादून। **संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में ऋषिकेश के चित्रकार राजेश चन्द्र, मानव थापा एवं शिवांश ने भेंट की। राजेश ने मुख्यमंत्री को 'देश ही परिवार है' की थीम पर आधारित पेंटिंग भेंट की। विश्व सागर दिवस के अवसर पर यूनाईटेड नेशन ने समुद्र बचाओं की पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें उत्तराखण्ड के इन तीन कलाकारों की पेंडिंग को यूनाईटेड नेशन की समुद्र बचावो प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। न्यूयॉर्क से इन्हें सराहना पत्र भी मिला।

राजेश चन्द्र ने बताया कि वे गंगा संरक्षण के उद्देश्य से गोमुख से हरिद्वार तक गंगा के सफर पर आधारित एक विशाल पेंटिंग बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने इन तीनों युवा कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभावों की कमी नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे अनेक क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं। यूनाईटेड नेशन में पेंटिंग का चयन होना और प्रदर्शित होना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन कलाकारों की प्रतिभा को उभारने के लिए हर सम्भव मदद की जायेगी।

### सीएम और विधानसभा अध्यक्ष स्वतंत्रता दिवस पर गैरसैंण विस भवन में करेंगे ध्वजारोहण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल 15 अगस्त को उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित विधानसभा भवन में ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर भराड़ीसैंण में पौधारोपण भी किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि यह पहला अवसर होगा, जब गैरसैंण के ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने के बाद भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में 15 अगस्त को मुख्यमंत्री के साथ आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले 15 अगस्त और 26 जनवरी को हमेशा से ही भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि इस दौरान वहां विधानसभा परिसर में पौधारोपण भी किया जाना है।


In a Digital World Why

To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।